देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 25.05.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 को लेकर 21 जून तक मसौदा नियमों पर आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – नमाज पढ़ने पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है, लेकिन नमाज केवल चिन्हित स्थानों पर ही अदा की जानी चाहिए।
- वनाग्नि की घटनाओं के लिए वन विभाग ने प्रयास तेज कर दिए हैं। वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।
- और... सहकारी समितियों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 98 फीसदी बोर्डों पर जीत हासिल की है।

जी राम जी

सरकार ने विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 के तहत व्यापक जन परामर्श के लिए मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था 21 जून तक मसौदा नियमों पर आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

विकसित भारत की राम जी एक्ट ने 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 की जगह ली है। नए कानून के तहत अब एक वित्तीय वर्ष में रोजगार की गारंटी 100 दिनों से बढ़कर 125 दिन कर दी गई है। मंत्रालय के अनुसार इस कानून के मसौदा नियम धारा 33 और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत तैयार किए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि मसौदा नियमों को जनता से सुझाव और राय लेने के लिए सार्वजनिक किया गया है। इनमें संक्रमण प्रावधान नियम, राष्ट्रीय स्तर संचालन समिति नियम, केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद नियम, प्रशासनिक खर्च नियम और शिकायत निवारण नियम शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भ्रमण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल हल्द्वानी में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में कानून व्यवस्था, विकास कार्यों और चारधाम यात्रा से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की गई।

खुले में नमाज पढ़ने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नमाज पढ़ने पर किसी प्रकार की कोई रोक नहीं है, लेकिन नमाज केवल चिन्हित स्थानों पर ही अदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि धार्मिक गतिविधियों से आम लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस समय चारधाम यात्रा चल रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। ऐसे में यातायात और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से खुले में नमाज न पढ़ने की बात कही गई है।

गवर्नर्स कप

लोक भवन नैनीताल में आयोजित ''गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट–2026'' कल समाप्त हो गया है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता चैंपियन समर्थ जैन, उप विजेता आशीष जैन के साथ ही बेस्ट नेट विजेता नुसरत अब्बासी और उप विजेता अंशुल छाबरा के अलावा अन्य वर्गों में जीत हासिल करने वाले गोल्फर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि 21वां गवर्नर्स गोल्फ कप ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रतिभागियों के जुनून, खेल भावना और सामूहिक उत्सव का प्रतीक रहा।

पद्मभूषण

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु उन्हें 25 मई को नई दिल्ली में सम्मानित करेंगी। कोश्यारी को यह पुरस्कार शिक्षा, समाज सेवा, राजनीति और राष्ट्र निर्माण में उनके दीर्घ योगदान के लिए दिया जा रहा है। सम्मान पाने पर कोश्यारी ने कहा कि समाज हित के लिए निरंतर कार्य करना जीवन का उद्देश्य है और वे निरंतर यह कार्य करते रहेंगे।

सतर्कता

गंगा स्नान पर्व व बकरीद को लेकर पुलिस विशेष सतर्क रहेगी। गंगा दशहरा स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आज सुबह से हरिद्वार पहुंचना शुरू हो गया है। हाईवे से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं

पौड़ी जिले के पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने सभी थाना प्रथारियों को सतर्क रहने के साथ ही चेकिंग अभियान तेज करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने जिले के कोटद्वार, श्रीनगर और लक्ष्मणझूला क्षेत्र में संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि गंगा घाटों, बाजारों, मस्जिदों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा पुलिस ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं और समिति के सदस्यों के साथ समन्वय बनाकर भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील भी की है।

वनाग्नि

पौड़ी जिले में वनाग्नि की घटनाओं रोकने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। प्रभागीय वनाधिकारी महातिम यादव ने कहा कि वनों में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ वन विभाग सख्ती से कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि वनाग्नि मामलों में प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही वन क्षेत्रों, नापखेतों व आसपास के क्षेत्रों की वन विभाग सघन निगरानी रहेगी। वहीं प्रभागीय वनाधिकारी सिविल सोयम पवन नेगी ने बताया कि पूर्व में बुवाखाल व कालेश्वर बीट में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर दो मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

जनपद पौड़ी गढ़वाल को वनाग्नि की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया गया है व आपदा प्रबंधन शमन एवं रोकथाम अधिनियम–2025 के तहत वनाग्नि को आपदा की श्रेणी में रखा गया है। वर्तमान में वर्षा न होने और लगातार बढ़ते तापमान के कारण वन क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। इसे देखते हुए वन विभाग व प्रशासन वनाग्नि नियंत्रण और रोकथाम के लिए सभी स्तरों पर निगरानी बढ़ा रहा है। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन क्षेत्रों में आग से संबंधित किसी भी गतिविधि या घटना की सूचना तत्काल वन विभाग अथवा प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आग पर नियंत्रण पाया जा सके।

सहकारी समितियों

सहकारी समितियों के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 98 फीसदी बोर्डों पर जीत दर्ज हासिल की है। सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि टिहरी के जौनपुर व हरिद्वार की लंढौर सहकारी समिति में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। दोनों समितियों में 68 वर्ष बाद पहली बार पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में 39 सहकारी समितियों में हुए चुनावों में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में जीत दर्ज की।

सहकारिता मंत्री ने सहकारी समितियों के चुनावों में भाजपा की जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और सरकार की जन हितकारी नीतियों का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा कि इस जीत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र को साकार करने में मदद मिलेगी।

फूलों की घाटी

चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी एक जून से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। फूलों की घाटी को जोड़ने वाले पैदल मार्ग को भी नंदा देवी राष्ट्रीय पार्क प्रशासन ने सुचारु कर दिया है। इस बार घाटी की सैर के दौरान पर्यटकों को मार्ग में हिमखंड का दीदार होंगे। गौरतलब हो कि फूलों की घाटी प्रत्येक वर्ष एक जून से 31 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खुली रहती है। यहां जैव विविधता सुंदर नजारे देखने को मिलते हैं। यह दुलर्भ वन्य जीवों हिमालयन थार, कस्तूरा मृग, हिम तेंदुआ सहित अन्य प्राकृतिक वास स्थल भी है। इन दिनों घाटी में फूलों के खिलने का सिलसिला शुरू हो गया है और विभिन्न प्रजाति के फूल रंग–विरंगी आभा बिखेर रहे हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

प्रदेश में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए हैं। दैनिक जागरण लिखता है – बांज के जंगलों में पहुंची आग, जांच के आदेश।

उत्तराखंड में एसआईआर को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बयान को भी सभी समाचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। हिन्दुस्तान लिखता है – उत्तराखंड में मतदाता सूची शुद्धिकरण की तैयारी तेज। अमर उजाला लिखता है – प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के प्री फेज में 89 प्रतिशत मैपिंग।